उत्तर प्रदेश शासन
चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1
संख्या-5/2015/2921/71-1-2014-जी-195/2010
लखनऊ : दिनांक 08 जनवरी, 2015
कार्यालय-ज्ञाप

डा0 (श्रीमती) बीना अरोड़ा (एम0बी0बी0एस0, एम0डी0) परामर्शदाता (विशेषज्ञ एनेस्थेटिस्ट), यू0एच0एम0 चिकित्सालय, कानपुर को सेवा स्थानान्तरण के आधार पर मेडिकल कालेज, कानपुर के एनेस्थीसिया विभाग में रिक्त प्रवक्ता के पद को उक्त डा0 अरोड़ा की सेवा स्थानान्तरण की अवधि के दौरान परिकल्पित रूप से आचार्य के रूप में उच्चीकृत करते हुए उसके सापेक्ष शासन के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1722/71-1-11-जी-195/2010, दिनॉक 20-01-2012 द्वारा 01 वर्ष अथवा लोक सेवा आयोग से चयनित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए, तैनात किया गया था। उक्त सेवा स्थानान्तरण अवधि समय-समय पर बढ़ायी जाती रही है। अन्तिम बार डा0 बीना अरोड़ा की सेवा स्थानान्तरण अवधि कार्यालय ज्ञाप संख्या-2776/71-1-13-जी-195/2010, दिनॉक 28-11-2013 द्वारा एक वर्ष तक के लिए बढ़ायी गयी थी। उक्त अवधि दिनॉक 02-02-2015 को समाप्त हो रही है।

2- महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0, लखनऊ के पत्र संख्या-एम0ई0-2/2014/2670, दिनॉक 01-10-2014 पर सम्यक विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय मेडिकल कालेज, कानपुर के एनेस्थीसिया विभाग में सहआचार्य के पद पर कार्यरत डा0 बीना अरोड़ा की सेवा स्थानान्तरण अवधि दिनॉक 02-02-2015 के पश्चात् 01 वर्ष अथवा नियमित अभ्यर्थी उपलब्ध होने, जो भी पहले घटित हो, तक के लिए बढ़ाये जाने की एतद्द्वारा सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है।

संजय कुमार उपाध्याय
संयुक्त सचिव।

संख्या:-5/2015/2921(1)/71-1-2014- तददिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1- महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2- महानिदेशक चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण उ0प्र0 लखनऊ।
3- महानिदेशक, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवायें, उ0प्र0, लखनऊ।
4- प्रधानाचार्य, मेडिकल कालेज, कानपुर।
5- वित्त नियंत्रक, मेडिकल कालेज, कानपुर।
6- मुख्य चिकित्साधिकारी, कानपुर।
7- कोषाधिकारी, कानपुर।
8- संबंधित चिकित्सा अधिकारी।
9- चिकित्सा अनुभाग-11/गार्ड फाइल।

आज्ञा से

(शैलेन्द्र नाथ शुक्ल)
अनु सचिव।

http://shasanadesh.up.nic.in

http://shasanadesh.up.nic.in